# NEWSLETTER

GOLD : 50635
SILVER : 57670
CRUDE OIL : 7045

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

22/10/2022


HAPPY DIWALI AND PROSPEROUS NEW YEAR

## ब्रोकर्स को एक मजबूत मंच प्रदान करेंगी

# "नेशनल ब्रोकर्स कॉटन एसोसिएशन"



कॉटन इंडस्ट्री में ब्रोकर्स की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता। किंतु, राष्ट्रीय स्तर पर अब तक एक भी ऐसी बॉडी या कमीटी नहीं थी जो कॉटन ब्रोकर्स के वेलफेयर के लिए काम करें। देशभर के ब्रोकर्स को एकजुट करने के उद्देश्य से ही हमने नेशनल ब्रोकर्स कॉटन एसोसिएशन का गठन किया है। यह बात कही अकोला के जाने-माने कॉटन ब्रोकर और नेशनल ब्रोकर्स कॉटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कल्याणराव थानवी ने।

हाल ही में कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेशनल ब्रोकर्स कॉटन एसोसिएशन का गठन किया गया और विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां सदस्यों को सौंपी गई। अध्यक्ष पद पर अकोला के अनिल थानवी, सचिव पद पर औरंगाबाद के राजेन्द्र भदौरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर औरंगाबाद के श्री बलदेव पुजारा, अहमदाबाद के नीरव भाई, मुबंई के सुधीर मंत्री, राजकोट के संदीप दलाल, इंदौर के बसंत भट्टड़, रायचुर के रामानुज बूब, और कोयंबटूर के एमटीके राजुकमार को कार्यभार सौंपा गया। जबकि वरिष्ठ ज्वॉइन सचिव पद की जिम्मेदारी नागपुर के सुनील जायसवाल, राजकोट के पंकज सोमैया, अहमदाबाद के यश ब्रोकर, कोयंबटूर के सचिन कोटेचा, इंदौर के संजय लुनिया कोयंबटूर के भूपेन शाह और औरंगाबाद के मनोज शाह को सौंपी गई।

### समस्याओं का होगा समाधान

अध्यक्ष अनिल थानवी ने बताया कि रीजनल लेवल पर तो लगभग हर स्टेट में ब्रोकर्स की एसोसिएशन मौजूद है लेकिन नेशनल लेवल पर एक भी एसोसिएशन नहीं थी जहां ब्रोकर्स की समस्याओं का समाधान हो सकें। जबकि पूरे देश में ब्रोकर्स की समस्याएं लगभग एक जैसी ही है। इसीलिए देश के ब्रोकर्स को एक मजबूत मंच देने के लिए इस एसोसिएशन को बनाया गया है।





### एकता में ही है ताकत

अध्यक्ष अनिल थानवी ने बताया कि रीजनल लेवल पर तो लगभग हर स्टेट में ब्रोकर्स की एसोसिएशन मौजूद है लेकिन नेशनल लेवल पर एक भी एसोसिएशन नहीं थी जहां ब्रोकर्स की समस्याओं का समाधान हो सकें। जबकि पूरे देश में ब्रोकर्स की समस्याएं लगभग एक जैसी ही है। इसीलिए देश के ब्रोकर्स को एक मजबूत मंच देने के लिए इस एसोसिएशन को बनाया गया है।

### यह हुआ तय

- वर्तमान में कॉटन ब्रोकरेज महज 60 रूपये प्रति बेल्स है जो कि बहुत कम है, इसे बढ़ाकर 75 रूपये प्रति बेल किया कर दिया गया है और सभी ब्रोकर इसी ब्रोकरेज पर काम करेंगे।
- अब तक ब्रोकर्स को पैमेंट इयरली (सालाना) आधार पर दिया जाता था, अब से इसकी समयावधि घटाकर क्वाटरली (तीन महीना) कर दी गई है।
- सीएआई द्वारा बनाए गए कानूनों के अंतर्गत ही काम किया जाएगा।
- क्रॉप कमीटी बनाई जाएगी,जो हर महीने आने वाली क्रॉप का आंकलन करेंगी। इसके साथ ही डेली कॉटन बुलेटिन भी पब्लिक किया जाएगा।




समय बदलने के साथ किसानों की स्थिति बदली है। आज का किसान पहले की तुलना में ज्यादा खुश और संतुष्ट है। किसानों की स्थिति को समझे बिना ऐसे बयान देना किसानों के साथ धोखे से कम नहीं है। किसान की स्थिति आज भी कुछ खास नहीं बदली है। वो आज भी खुश नहीं है। कर्जे में डूबा हुआ ही है। बदलाव केवल इतना है कि उसके सर पर किसी का दबाव नहीं है और वह अपनी मर्जी से अपना काम कर रहा है। यह कहना है ऐलानाबाद के कपास किसान राजेन्द्र कासवा का।

उन्होंने कहा कि पिछले साल कपास के अच्छे दाम मिले तो कहा जाने लगा कि किसानों की तो चांदी है। जबकि कई सारे किसानों की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई थी, इसके बाद उन्हें बची हुई फसल का जो पैसा मिला उससे उनके नुकसान की भरपाई ही हो पाई थी। मुनाफा केवल चंद किसान ही कमा पाए। नई फसल के बारे में उन्होंने कहा कि इस बार फसल अच्छी हुई है। मैंने 14 एकड़ जमीन में से 7 एकड़ में कपास की बुआई की है। प्रति एकड़ 10 क्विंटल के लगभग फसल आई है। जबकि लागत प्रति एकड़ 25 से 30 हजार रूपये लगी है।




# जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

## 17 अक्टूबर से 22 अक्टूबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव का दौर इस सप्ताह की जारी रहा। टेक्सटाइल सेक्टर की बात करें तो यह सप्ताह कुछ खास उत्साहभरा नहीं रहा। लगभग सभी प्रमुख कंपनीज के शेयर्स में मामूली बदलाव देखा गया। जानिए बीएससी के मंच पर इस सप्ताह केसी रही प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 358.5 | 366 | 337.55 | 3.46% |
| अरविंद लिमिटेड | 92.95 | 96.95 | 92.65 | -3.03% |
| वेलसपन इंडिया | 78.2 | 82 | 74.4 | 2.09% |
| नितिन स्पिनर्स | 206.75 | 212.6 | 205.1 | 0.66% |
| रेमण्ड | 1134.45 | 1195.4 | 1124 | -1.78% |

# जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा अक्टूबर महीने का तीसरा हफ्ता

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 22.10.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 14.10.22 | 21.10.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 83.15 | 79.13 | -4.02 |
| MARCH | 81.99 | 78.55 | -3.44 |
| MAY | 81.08 | 78.15 | -2.93 |
| **MCX (BALES)** | | | |
| OCT | 32600 | 33300 | 700 |
| NOV | 29790 | 29990 | 200 |
| DEC | 29340 | 29010 | -330 |
| **NCDEX (KAPAS)** | | | |
| APRIL | 1598 | 1588 | -10 |
| **NCDEX ( COCUD KHAL)** | | | |
| DEC | 2377 | 2472 | 95 |
| JAN | 2383 | 2466 | 83 |
| **CURRENCY ($)** | | | |
| INDIAN (Rupee) | 82.35 | 82.54 | 0.19 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 218.19 | 221.147 | 2.957 |
| CNY (Chinese yuan) | 7.19056 | 7.24314 | 0.05258 |
| BRAZIL (Real) | 5.32405 | 5.164 | -0.16005 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.61372 | 1.57396 | -0.03976 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.70199 | 4.73599 | 0.034 |
| COTLOOK "A" INDEX | 102.6 | 95 | -7.6 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 97.81 | 97.49 | -0.32 |
| USDA SPOT RATE | 84.01 | 79.99 | -4.02 |
| MCX SPOT RATE | 33280 | 32980 | -300 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 18300 | 17000 | -1300 |

कॉटन कीमतों के लिए पिछला सप्ताह मिला-जुला कहा जा सकता है। इंटरनेशल एक्सचेंज मार्केट में जहां कॉटन भाव में कमी देखी गई,
हीं एमसीएक्स पर कीमतों में उछाल दर्ज किया गया। एनसीडीएक्स की बात करें तो कपास के भाव में कमी आई जबकि खल के भाव में तेजी देखी गई।

इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज में दिसंबर, मार्च और मई महीनों के सौदों में क्रमशः 4.02, 3.44 और 2.93 की गिरावट देखने को मिली। वहीं एमसीएक्स पर अक्टूबर और नवंबर महीनों के सौदा भाव में क्रमशः 700 और 300 रूपये की बढ़ोतरी देखी गई। जबकि दिसंबर का सौदा भाव 330 रूपये माइनस में रही।

इसके अलावा कॉटलुक ए इंडेक्स, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, युएसडीए स्पॉट रेट, एमसीएक्स स्पॉट रेट और केसीए स्पॉट रेट जैसे सभी इंटरनेशनल एक्सचेंज मार्केट में कॉटन भाव में इस सप्ताह कमी का दौर रहा। करंसी की बात करें तो डॉलर के मुकाबले केवल ब्राजील रियल और ऑस्ट्रेलियन डॉलर ने थोड़ी मजबूती दिखाई बाकि देशों की करंसी जैसे भारतीय रूपया, पाकिस्तानी रूपया, चाइनीज युआन और मलेशियन रिंगित सभी डॉलर के खिलाफ कमजोर रहें।